राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने बधाई और शुभकामनाएं दी

मानवाधिकार आयोग के नवनियुक्त सदस्य श्री अशोक गुप्ता ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 3 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में राज्य मानवाधिकार आयोग के नवनियुक्त सदस्य, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी श्री अशोक कुमार गुप्ता ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने श्री गुप्ता को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

श्री अशोक गुप्ता ने मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्री मिश्र को राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यों और भविष्य की योजनाओं से भी अवगत कराया।